# 669 जगहों पर 76,388 लोगों ने किया सूर्य नमस्कार







नवभारत न्यूज

**मुरैना, 12 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में

**युवा दिवस पर उत्कृष्ट उमावि क्रं. 1 में हुआ मुख्य कार्यक्रम**

मनाया गया। युवा दिवस पर जिले की शैक्षणिक संस्थाओं, पंचायतों तथा आश्रम शालाओं आदि में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र-1 मुरैना के प्रांगण में महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी की उपस्थिति में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी सहित स्कूली बच्चों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पाहार अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले के अन्य स्कूलों के बच्चों और युवाओं ने नई ऊर्जा और उत्साह के साथ विभिन्न विद्यालयों के प्रांगण में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।

**मुख्यमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया :** युवा दिवस पर आकाशवाणी से प्रसारित हो रहे संदेश पर उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के संदेश का लाइव टेलीकास्ट युवा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 9:30 से 10:15 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण किया गया। जिसे एलईडी पर भी देखा गया। इसके बाद सूर्य नमस्कार के तीन राउंड हुए। सूर्य नमस्कार के पश्चात सामूहिक रूप से प्राणायाम भी कराये गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के गायन से हुआ।

**जिले के सभी विकासखंड में हुए कार्यक्रम**

जिले के सभी विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें 669 स्थानों पर 76 हजार 388 लोगों ने एक साथ एक समय में सूर्य नमस्कार किया। पोरसा विकासखण्ड में 171 स्थानों पर 13 हजार 381, अंबाह विकासखण्ड में 75 स्थानों पर 8 हजार 765, मुरैना विकासखण्ड में 110 स्थानों पर 13 हजार 604, जौरा विकासखण्ड में 60 स्थानों पर 12 हजार 724, पहाडगढ़ विकासखण्ड में 73 स्थानों पर 14 हजार 148, कैलारस विकासखण्ड में 95 स्थानों पर 8 हजार 619 और सबलगढ़ विकासखण्ड में 85 स्थानों पर 5 हजार 147 स्थानों पर सूर्य नमस्कार किया गया।

# अमृत मित्र जांच रहे पानी की पीएच व टीडीएस वैल्यू

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 12 जनवरी।** अमृत वाटर प्रोजेक्ट योजना के तहत बनाए गए अमृत मित्रों द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों सहित गली मोहल्लों घरों में पहुंचकर नलों से प्राप्त होने वाले टैप वाटर की टीडीएस एवं पीएच वैल्यू जांचनें का कार्य किया जा

**शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर नलों से आने वाले पानी के लिए ले रहे नमूने**

रहा है।

अमृत वाटर प्रोजेक्ट के तहत स्व सहायता समूह की चुनिंदा महिलाओं को अमृत मित्र नियुक्त किया गया था। इन अमृत मित्रों द्वारा घर-घर जाकर पानी की शुद्धता की जांच की जा रही है। इसके साथ ही पानी के नमूनों को एकत्रित कर लेबोरेटरी भेजने का कार्य भी किया जा रहा है।



शनिवार को अमृत मित्रों ने शहर के आमपुरा, चंबल कॉलोनी, गणेशपुरा, सिग्नल बस्ती आदि इलाकों में पहुंचकर पानी की शुद्धता का परीक्षण किया। अमृत मित्र प्रोजेक्ट के सोशल एक्सपर्ट अभय सोलंकी, साइट फील्ड इंजीनियर मयंक खरे वॉटर टेस्टिंग के समय अमृत मित्रों के साथ मौजूद रहे।

अभय सोलंकी ने बताया कि अमृत मित्र शहर के वार्डों में गली-मोहल्ले में मिलने वाले पानी की जांच करते हैं, जहां पानी पीने योग्य नहीं होता वहां पर रिपोर्ट के आधार पर शुद्ध पानी भी उपलब्ध कराने में उनके द्वारा सहयोग किया जाता है।

परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान ने बताया कि नगर निगम मुरैना द्वारा लगभग 35 से 40 अमृत मित्र पूर्व नियुक्त किए हैं, जो शहर के वार्डों में जाकर पानी की गुणवत्ता की जांच करते हैं।

# रक्तदान करने से दूसरों को मिलता है नया जीवन : डॉ. विमल

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 12 जनवरी।** युवा दिवस अर्थात स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर शासकीय महाविद्यालय जौरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के प्रध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर 10 यूनिट से अधिक रक्तदान किया।

शिविर में प्राचार्य एचएन हाड़ा, प्रभारी यूथ रेडक्रॉस इकाई डॉ. चमन प्रकाश विमल मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर डॉ. चमन प्रकाश विमल ने कहा कि रक्तदान महादान है, हमारे द्वारा किया गया रक्तदान दूसरे व्यक्तियों





को नया जीवन प्रदान करना है। इसलिए समय-समय पर प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इस शिविर में प्रोफेसर रमेश कुमार विश्नोई, राजकुमार, वंश मित्तल, सचिन गुप्ता, अंकित गोयल, निर्मल जायसवाल, सत्येन्द्र कुशवाह, अर्जुन राठौर सहित दर्जनभर छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 12 जनवरी।** जिले में दूषित पेयजल की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने नगर निगम, एमपीयूडीसी, पीएचई एवं संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति से जुड़ी किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि पाइपलाइन शिफ्टिंग से लेकर उनके बीच उचित स्पेसिंग सुनिश्चित की जाए। यदि किसी भी स्थान पर लीकेज पाया जाता है तो उसका तत्काल सुधार कर मौके



पर ही दुरुस्त किया जाए।

कलेक्टर श्री जांगिड़ सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, समस्त एसडीएम, समस्त जिला अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम एवं संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि पेयजल उपयोग के लिए सभी व्यवस्थाएं पुन: एक्सपर्ट स्टैंडर्ड के अनुरूप हों और आम जनता को कहीं भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने पीएचई एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जल आपूर्ति के प्रत्येक सोर्स की टेस्टिंग कराई जाए, चाहे वह टैंक से टैंक तक की सप्लाई हो, कोई अन्य सोर्स हो अथवा वह स्थान हो जहां आम जनता द्वारा पानी का उपभोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्तर पर दूषित जल की समस्या न रहे।

**जल आपूर्ति स्रोतों की कराई जाए प्रोपर क्लीनिंग**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी जल आपूर्ति स्रोतों जैसे टैंक आदि की एक बार पूर्ण रूप से प्रोपर क्लीनिंग कराई जाए और यह प्रक्रिया केवल एक बार न होकर निरंतर समय-समय पर जारी रखी जाए, ताकि भविष्य में दोबारा गंदगी की कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि क्लीनिंग के बाद टैंकों और जल स्रोतों का क्लोरीनेशन अनिवार्य रूप से किया जाए, लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि क्लोरीन की मात्रा एक्सपर्ट स्टैंडर्ड के अनुसार हो, कहीं भी अधिक मात्रा का उपयोग न किया जाए। इसके साथ ही सभी अंडरग्राउंड बोरवेल गपर भी क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# हिंदी पखवाड़ा : नीति आयोग ने हर्ष जैन को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**मुरैना/अंबाह, 12 जनवरी।** भारत सरकार के नीति आयोग में बतौर आशुलिपिक पदस्थ अंबाह कस्बे के निवासी हर्ष जैन को हिंदी

**हिंदी निंबध लेखन प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, लगातार दूसरे साल हुए सम्मानित**

पखवाड़े के तहत आयोहित हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मान प्राप्त हुआ है। हर्ष को लगातार दूसरे साल सम्मानित किया गया है।





नीति आयोग के संयुक्त सचिव केएस रेंजिमोन ने हर्ष जैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि 15 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चले हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट लेखन से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनकी रचनाओं में विचारों की स्पष्टता, विषय की गहराई और भाषा की सरलता विशेष रूप से सराही गई। कस्बा अंबाह के साहित्यकार महेश जैन विकल एवं डॉ. सुधीर आचार्य ने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष यह सम्मान प्राप्त करना हर्ष जैन की निरंतर मेहनत, अनुशासन और हिंदी भाषा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आत्मसात करें युवा

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 12 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा

**जयंती पर विवेकानंद की प्रतिमा का पंचामृत से किया अभिषेक, हुई व्याख्यानमाला**

सेवा संकल्प पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर संस्थान के पदाधिकारी डॉ. नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में सोमवार की सुबह केएस चौराहा स्थित



स्वामी विवेकानंद प्रतिमा स्थल पहुंचें। उन्होंने प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई की, जिसके बाद प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर माल्यापर्ण किया। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित व्याख्यानमाला का आयोजन भी किया गया। जिसमें डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार भारतीय दर्शन के शिखर बिंदु, उसकी सर्वोच्च अभिव्यक्ति और उसकी जीवंत चेतना हैं। विवेकानंद ने अपने विचारों के जरिए विश्व में भारतीय संस्कृति, दर्शन और आध्यात्म का गौरव बढ़ाया। युवा शक्ति उनके जीवन आदर्शो को आत्मसात कर राष्ट्र के नवनिर्माण में भूमिका निभाएं। व्याख्यानमाला को विमलेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रघुराज परमार, रामावतार सिकरवार, सतंजय मिश्रा, जगदीश शर्मा, कमलेश शर्मा, रूपसिंह सिकरवार, नरेंद्र सिंह सिकरवार, राकेश शर्मा, रामबरन सिंह पायथा, डॉ. हरेंद्र तोमर, रामनरेश सिकरवार, नीतू सिकरवार, सत्यव्रत उपाध्याय, मंगल सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### स्वामी विवेकानंद एक महान युगद्रष्टा थे : पवन परिहार



**मुरैना, 12 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती मप्र शिक्षक संघ की जिला इकाई ने सेवा और समर्पण के भाव से मनाई। संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने केएस चौराहे पर स्थित विवेकानंद प्रतिमा को दूध, गंगाजल से स्नान कराकर माल्यापर्ण किया। इस मौके पर श्री परिहार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के महान दार्शनिक और राष्ट्रचिंतक थे। उन्होंने मानव सेवा को ही ईश्वर सेवा माना। वे मानते थे कि धर्म केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा है। श्यामवीर सिंह राठौड़ ने कहा कि शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण ने भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया। इस अवसर पर पार्षद उपेन्द्र सिंह सिकरवार, गोपाल सिंह परमार, रामअवतार सिंह सिकरवार, राधाकृष्ण अवस्थी, श्याम सिंह भदौरिया, जितेन्द्र शर्मा, महेश व्यास, सीपी यादव, अंशुल दीक्षित, आर्या अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### ननि के जलकार्य उपनिरीक्षक राजकिशोर व कमरुद्दीन निलंबित

**मुरैना।** नगर निगम क्षेत्र में दूषित पेयजल की त्वरित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरते जाने पर नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने जल कार्य उपनिरीक्षक राजकिशोर डण्डौतिया एवं कमरुद्दीन खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के आदेश जारी किए है। जारी आदेश में ननि आयुक्त श्री धाकरे ने कहा है कि जलकर विभाग में कार्यरत जल कार्य उपनिरीक्षक राजकिशोर डण्डौतिया बिना सक्षम स्वीकृति के मुख्यालय से बाहर चले गए है, तो वहीं जल कार्य उप निरीक्षक कमरुद्दीन खान ने अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया है। जिसकी वजह से उनके संपर्क स्थापित नहीं हो पा रहा है।

### वार्डों में प्रत्येक मंगलवार होगी पेयजल शिकायतों की सुनवाई

**मुरैना।** नगर निगम क्षेत्र में दूषित पेयजल की शिकायतों की सुनवाई अब प्रत्येक मंगलवार को संबंधित वार्ड पार्षद के कार्यालय पर सुबह 7 बजे से होगी। जनसुनवाई का उद्देश्य पेयजल समस्याओं को जानने के बाद समयबद्ध समाधान किया जाना है।





जिससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। वार्डों में होने वाले इस जनसुनवाई के लिए पार्षद के साथ नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। नगर निगम के सहायक आयुक्त लालसिंह डोडिया ने शहर के नागरिकों से मंगलवार को होने वाले इस जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचकर पेयजल संबंधी समस्याओं से अवगत कराने का आग्रह किया है।

# क्षत्रिय महासभा ने डॉ. दीपिका का किया स्वागत-सम्मान



नवभारत न्यूज

**मुरैना, 12 जनवरी।** रेडियोलॉजिस्ट की डिग्री पूर्ण होने के बाद जिला अस्पताल मुरैना में तीन माह की विशेष ट्रेनिंग कर रही डॉ. दीपिका सिकरवार का सोमवार को पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार, सत्यपाल सिंह सिकरवार के कार्यालय पर क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों सहित

**पूर्व जिपं उपाध्यक्ष वृंदावन सिंह सिकरवार की सुपुत्री हैं डॉ. दीपिका**

गणमान्य नागरिकों ने स्वागत, अभिनंदन और सम्मान किया।

इस मौके पर डॉ. गजेन्द्र सिंह राठौड़, जिलाध्यक्ष रामनिवास सिंह सिकरवार, रामबल सिकरवार, विजयराजे परमार, नरेश सिंह सिकरवार, श्यामवीर सिंह राठौड़, राघवेन्द्र तोमर, रामअवतार सिंह बागचीनी, सुल्तान सिंह सिकरवार खांडौली, बलवीर परमार, विशंभर परमार, मुन्ना सिंह परिहार, परमानंद शर्मा, राधेश्याम यादव, सोनू शर्मा, झम्मू सिकरवार, मंगल सिंह तोमर, प्रेम सिंह, रंजीत सिंह, दुर्गा सोलंकी आदि उपस्थित थे।

**पूर्व जिपं उपाध्यक्ष वृंदावन सिंह की पुत्री है डॉ. दीपिका**

डॉ. दीपिका सिकरवार, पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार के अनुज जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष वृंदावन सिंह सिकरवार की सुपुत्री एवं पूर्व जिपं उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह गांधी की बहन है। वर्ष-1997 में डॉ. दीपिका की मां का निधन हो गया था। जिसके बाद डॉ. दीपिका का पालन पोषण उनकी ताई श्रीमती रामकुमारी गजराज सिंह सिकरवार ने ग्वालियर में किया, ताई के मार्गदर्शन में डॉ. दीपिका ने शिक्षा ग्रहण की। भोपाल स्थित चिरायु मेडिकल कॉलेज से चिकित्सा स्नातक उर्त्तीण करने के बाद डॉ. दीपिका ने एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज भोपाल से रेडियोलॉजी में पोस्ट ग्रेज्यूएशन की डिग्री पूर्ण की है।

# अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार जख्मी



**मुरैना, 12 जनवरी।** एनएच-44 हाईवे पर सिविल लाईन थाना क्षेत्र में घिरौना मंदिर के पास अज्ञात ट्रेक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। युवक को जख्मी हालत में जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाला जावेद खान निवासी बायपास रोड मुरैना सोमवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर मुरैना से धौलपुर जा रहा था। इसी दौरान एनएच-44 हाईवे पर घिरौना हनुमान मंदिर के पास अज्ञात ट्रेक्टर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह जख्मी हो गया। हादसे के बाद ट्रेक्टर को लेकर ड्राईवर भाग निकला। सूचना मिलते ही सिविल लाईन थाने का डायल-112 वाहन मौके पर पहुंचा, वाहन चालक महेन्द्र और आरक्षक रघुनाथ भदौरिया ने जख्मी जावेद खान को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

# युवा दिवस पर अभाविप की निबंध प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 12 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जौरा इकाई के तत्वावधान में सोमवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी उर्मिला त्यागी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गजेन्द्र

**जौरा कस्बे में सोमवार को किया गया आयोजन**

सिंह मौजूद रहे। मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यापर्ण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसके बाद वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अंशु पाराशर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभाविप के नगर मंत्री आशु सविता ने की। आभार प्रदर्शन सह मंत्री छोटू गौड़ द्वारा किया गया।







# सिंगिंग-डांसिंग चैंपियनशिप में मानवी ने 5वीं बार जीता गोल्ड

**मुरैना/अंबाह, 12 जनवरी।** कस्बा अंबाह की बेटी मानवी शर्मा पुत्री रीता रवि जयप्रकाश शर्मा ने नेशनल सिंगिंग एण्ड डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार पांचवीं बार गोल्ड मेडल हासिल किया है। यह प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल के आसनसोल स्थित रवीन्द्र भवन में हुई। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय मंच पर लगातार पांचवीं बार गोल्ड मेडल हासिल करना मानवी की असाधारण प्रतिभा और अथम परिश्रम का परिचायक है। मानवी शर्मा की इस उपलब्धि पर अंबाह नगर में खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों, शिक्षकों, कलाकारों और समाजसेवियों ने मानवी को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामनाएं कीं है।

**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

दिनांक-09/01/2026
क्रमांक-71...मुरैना

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एलआईजी प्रथम-159 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्रीमती शशीबाला पत्नी श्री रमेश कुमार को आवंटित किया गया था, इनके द्वारा उक्त भवन श्रीमती विनीता परमार पत्नी श्री दशरथ सिंह परमार के नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**